मेरा लाल लंगोटे वाला पल में दौड़ा आता है

जब जब इसके भक्तों पे कोई संकट आता है,
मेरा लाल लंगोटे वाला पल में दौड़ा आता है.....

जिसके घर में जलती है बजरंगबली की ज्योति,
उसके घर में किसी चीज की कमी कभी ना होती,
उस घर में धन दौलत बाबा खुद बरसाता है,
मेरा लाल लंगोटे वाला पल में दौड़ा आता है,
जब जब इसके....

जड़ से खत्म करे संकट को वह भारी से भारी,
उसके जैसा देखा ना कोई दुनिया में बलशाली,
तभी तो यह जग में संकट मोचन कहलाता है,
मेरा लाल लंगोटे वाला पल में दौड़ा आता है,
जब जब इसके....

द्वापर में तूने आकर बाबा श्री राम का साथ दिया,
एक जरा सी बात पर बाबा सीना तूने फाड़ दिया,
कलयुग के अवतारी तेरा डंका बजता है,
मेरा लाल लंगोटे वाला पल में दौड़ा आता है,
जब जब इसके....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26610/title/mera-laal-langote-wala-pal-me-dauda-aata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |